संपादकीय

गठबंधन का हश्र

नरेंद्र मोदी को दिल्ली के तख्त से दूर रखने की कोशिशों में आम चुनाव से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी में जो गठबंधन हुआ था, उसके हालिया हश्र के बारे में ऐसे ही कयास लगाये जा रहे थे। आम चुनाव में मतदान के बाद उम्मीदों के मुताबिक परिणाम न आने से दोनों दलों ने अपनी राहें जुदा कर ली हैं। पहले बसपा सुप्रीमो ने संकेत दिये कि पार्टी अपनी 'एकला चलोज' की नीति पर ही चलेगी। साथ ही पार्टी नीति में बदलाव लाते हुए उपचुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर दी। पहले गठबंधन को होल्ड पर रखने की बात कही गई थी। मगर मंगलवार तक साफ हो गया कि आने वाले चुनाव समर में दोनों अलग-अलग ताल ठोककर चुनाव मैदान में उतरेंगे। फिर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी गठबंधन से हटकर अकेले ही उपचुनाव लड़ने की बात कह दी है। दरअसल,उत्तर प्रदेश में बराबर-बराबर सीटें लड़ने के बावजूद बसपा की उम्मीदों के अनुरूप चुनाव परिणाम नहीं आया। बसपा नेतृत्व कहता रहा है कि बसपा का कोर वोट तो सपा को ट्रांसफर हुआ है मगर सपा का वोट बैंक बसपा के उम्मीदवारों के खाते में ट्रांसफर नहीं हुआ। एक बात जरूर हुई है कि दोनों दलों में अलगाव के वक्त बयानबाजी में तल्खी नजर नहीं आयी। यानी कि भविष्य में यदि किसी राजनीतिक गठबंधन की संभावना नजर आती है तो बातचीत की गुंजाइश बनी रहे। दरअसल, दावा किया जा रहा था कि जिस उत्तर प्रदेश से दिल्ली का रास्ता जाता है, वहां सपा-बसपा गठबंधन नये गुल खिला सकता है। इस विश्वास का आधार राज्य में उपचुनाव परिणामों में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के समीकरणों को बनाया गया। फूलपुर और गोरखपुर में जो अप्रत्याशित हुआ, उसने मोदी की लोकप्रियता और अमित शाह की सोशल इंजीनियरिंग को धता बता दिया था। इसके बाद कैराना उपचुनाव ने तो इस समीकरण की संभावना पर मोहर लगा दी कि यदि सपा-बसपा का वोट एक-दूसरे को ट्रांसफर हो जाये तो राज्य में राजनीतिक तस्वीर बदल सकती है। फिर अजित सिंह की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन में शामिल होने से नये राजनीतिक परिदृश्य की कल्पना की जाने लगी। राजनीतिक पंडित भी चुनाव परिणामों के अप्रत्याशित होने व नये समीकरणों से भाजपा के जनाधार घटने के कयास लगाने लगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश में भले ही सपा के सूत्रधार मुलायम सिंह व कांशीराम के साथ में आने के चलते 1993 में भाजपा को रोक पाने में सफलता मिली हो मगर यह गठबंधन स्थायी नहीं रह पाया। फिर गेस्ट हाउस कांड की तल्खी को आम बसपा कार्यकर्ता भुला नहीं पाया। उत्तर प्रदेश की जातीय संरचना पर नजर डालें तो सपा का परंपरागत यादव वोट सामाजिक रूप से दबंगों के रूप में देखा जाता रहा है, जिसका बसपा के परंपरागत वोट बैंक से कोई तालमेल बन पाना सहज नहीं था।

सांठगांठ पर फंसीं हिमालया ड्रग समेत 4 दवा कंपनियां, 74 करोड़ का लगा जुर्माना

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सांठगांठ करने के एक मामले में मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, इंदौर केमिस्ट एसोसिएशन, हिमालया ड्रग कंपनी और इंटास फार्मास्युटिक लिमिटेड पर कुल मिलाकर 74 करोड़ 23 लाख 83 हजार रुपये का जुर्माना किया है।

कंपनी मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को यहां जारी बयान में बताया कि आयोग ने कंपनियों और एसोसिएशनों के साथ ही उनके पदाधिकारियों पर भी जुर्माना लगाया है। इंटास फार्मा पर सबसे अधिक 55 करोड 59 लाख 68 हजार करोड़ रुपये का जुर्माना किया गया है। इसके बाद हिमालया ड्रग कंपनी पर 18 करोड़ 59 लाख 58 हजार करोड़ रुपये का अर्थदंड किया गया है। मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन पर चार लाख 18 हजार 404 रुपये और इंदौर केमिस्ट एसोसिएशन पर 39 हजार 142 रुपये का जुर्माना किया गया है।

आयोग ने 3 जून के इस आदेश में मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन को राज्य में अगले छह

महीने में प्रतिस्पर्धा जागरूकता और अनुपालना को लेकर कम से कम पाँच कार्यशालायें आयोजित करने तथा इंदौर केमिस्ट एसोसिएशन को इसी तरह के एक कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए भी कहा है। आयोग ने इंटास फार्मा और हिमालया ड्रग कंपनी को प्रतिस्पर्धा अनुपालन कार्यक्रम को अपनाने और इस सबंध में अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन ने आयोग से शिकायत करते हुये कहा था कि मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन तथा अन्य ने कुछ फार्मा कंपनियों के साथ साँठगाँठ कर ली है। इस पर आयोग ने सभी पक्षों से रिपोर्ट तलब की और इसकी जाँच करने के बाद जुर्माना लगाया है।

ब्रिटिश विदेश कार्यालय बोर्ड में भारतीय मूल के अय्यर बने मुख्य अर्थशास्त्री

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन की सरकार ने भारतीय मूल के कुमार अय्यर को विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय (एफसीओ) में मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त किया है। वह विभाग के प्रबंधन बोर्ड में नियुक्त किये जाने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति हैं। अय्यर इससे पहले मुंबई में ब्रिटेन के उप उच्चायुक्त थे। एफसीओ ने एक बयान में कहा कि अय्यर का नया कार्यकाल जुलाई से शुरू होगा। एफसीओ के स्थायी अंडर-सेक्रेटरी सर साइमन मैकडोनाल्ड ने कहा, ''वह (अय्यर) अपने साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय वित्त के साथ ही आर्थिक कूटनीति एवं समृद्धि पर काम करने का अनुभव लाये हैं।'' उन्होंने कहा, ''कुमार एफसीओ के बोर्ड में नियुक्त होने वाले पहले अश्वेत एवं नस्लीय अल्पसंख्यक बन गये हैं।

नाथन कल्टर नाइल ने दमदार बल्लेबाजी की : फिंच

नॉटिंघम (आरएनएस)। आस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 60 गेंदों पर 92 रनों की पारी खेलने वाले नाथन कल्टर नाइल की जमकर तारीफ की। कल्टर नाइल की दमदार पारी की बदौलत आस्ट्रेलिया गुरुवार को यहां विश्व कप 2019 के दूसरे मैच में एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया। आस्ट्रेलिया ने मैच में 15 रनों से जीत दर्ज की।

आरबीआई ने रीपो रेट 0.25 फीसदी घटाया, होम लोन हो सकता है सस्ता

मुंबई (आरएनएस)। आर्थिक वृद्धि दर में नरमी के बीच रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को अपनी मुख्य नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती की और साथ ही आगे के लिए नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से 'नरम' कर दिया। इस साल यह लगातार तीसरा मौका है जब केंद्रीय बैंक ने बैंकों के लिए सस्ता धन सुलभ कराने के लिए अपनी नीतिगत दर में कटौती की गयी है। इन तीनों मौकों को मिला कर रपो दर में कुल 0.75 प्रतिशत की कटौती हो चुकी है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को उनकी तत्काल की जरूरत के लिए एक दिन के लिए धन उधार देता है। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिये सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के पूर्व के 7.2 प्रतिशत के अनुमान को घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। वृद्धि दर के अनुमान में कमी का कारण कमजोर वैश्विक परिदृश्य तथा निजी खपत में कमी है। रेपो दर में इस कटौती के साथ यह 5.7 प्रतिशत पर आ गयी है। रेपो दर वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक बैंकों को कर्ज देता है। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2019-20 की पहली छमाही के लिये मुद्रास्फीति के अनुमान को मामूली रूप से बढ़ाकर 3 से 3.1 प्रतिशत कर दिया है। यह सरकार द्वारा निर्धारित 2 से 6 प्रतिशत के दायरे में है। मौद्रिक नीति घोषणा में कहा गया है, ''मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस बात पर गौर करती है कि आर्थिक वृद्धि

दर उल्लेखनीय रूप से कमजोर पड़ी है...निवेश गतिविधियों में तीव्र गिरावट के साथ निजी खपत वृद्धि में नरमी चिंता की बात है।'' रिजर्व बैंक की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा 5 से 7 अगस्त 2019 को की जाएगी।

चीन ने व्यावसायिक उपयोग के लिए 5जी लाइसेंस को मंजूरी दी

बीजिंग (आरएनएस)। चीन के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमआईआईटी) ने गुरुवार को व्यापारिक उपयोग के लिए 5जी लाइसेंस को मंजूरी देते हुए देश के दूरसंचार उद्योग में नए युग की शुरुआत कर दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, 5जी लाइसेंस प्राप्त करने वाले कंपनियों की पहली खेप में चीन टेलीकॉम, चीन मोबाइल, चीन यूनीकॉम और चीन ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क कंपनियां हैं।लाइसेंट प्रस्तुतीकरण समारोह में एमआईआईटी मंत्री मियाओ वेई ने कहा कि 5जी प्रौद्योगिकी से हाई-स्पीड, मोबाइल, सुरक्षित और व्यापक नई पीढ़ी की सूचना संरचना स्थापित होगी। मियाओ ने कहा कि चीन में 5जी प्रौद्योगिकी आने से नए अवसर आने तथा चीन की डिजिटल अर्थव्यवस्था में वृद्धि आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इससे कई उद्योगों का डिजिटल रूपांतरण हो जाएगा और इंडस्ट्रियल इंटरनेट तथा इंटरनेट ऑफ व्हीकल जैसे क्षेत्रों में इसका और ज्यादा व्यापक उपयोग होगा।

ब्याज दरों में उम्मीद से कम कटौती से शेयर बाजार में हाहाकार, 500 अंक लुढ़का सेंसेक्स

मुंबई (आरएनएस)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में उम्मीद से कम कटौती करने से घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान में चले गये और बीएसई का सेंसेक्स 550 अंक से ज्यादा तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 160 अंक से अधिक लुढ़क गया।

केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की, लेकिन यह बाजार की अपेक्षा से कम थी। शेयर बाजार पहले से ही मामूली गिरावट में थे। सेंसेक्स 52.89 अंक की बढ़त में 40,136.43 अंक पर खुला और शुरु में ही 40,159.26 अंक तक पहुँचने के बाद लाल निशान में चला गया। नीतिगत बयान जारी के होने के बाद निवेशकों ने बिकवाली बढ़ा दी। इससे गत दिवस 40,083.54 अंक पर बंद होने वाला सेंसेक्स खबर लिखे जाने तक 550 अंक से ज्यादा टूटकर 39,521.72 अंक तक उतर गया। तेल एवं गैस समूह तथा पूँजीगत वस्तुओं के समूहों में ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। रियलिटी, वित्त और बैंकिंग समूहों के सूचकांक भी दो फीसदी से अधिक टूट गये। निफ्टी भी 18.15 अंक की बढ़त में 12,039.80 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान एक समय यह 175 अंक से ज्यादा टूटकर 11,842.60 अंक तक फिसल गया।

आज का राशिफल

मेषः- खुशी बरकरार रहे इसके लिए आज शाम से आप सावधान हो जाएं, वाद-विवाद में न पड़ें क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

वृषभः- परिजनों के साथ वाद-विवाद ना हो, इसका ध्यान रखें अन्यथा तकलीफ हो सकती है। आत्मविश्वास एवं पराक्रम में वृद्धि के कारण सफलता शाम से आपको अवश्य प्राप्त होगी।

मिथुनः- प्रत्येक कार्यों में सफलता मिलेगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आज परिवार के सदस्यों का मिलेगा पूर्ण सहयोग, धन प्राप्ति के विशेष योग है।

कर्कः- समस्याएं आज शाम से सुलझने लगेंगी। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। किसी रमणीय स्थल पर पर्यटन का आयोजन होगा।

सिंहः- पूर्व अर्जित मान-सम्मान एवं लाभ बरकरार रखने के लिए आज आपको समझकर कार्य करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्च से बचें, बाधाएं शाम से कार्यों में आ सकती हैं।

कन्याः- दोपहर बाद से मां लक्ष्मी की कृपादृष्टि आप पर रहेगी। दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यों की पूर्णता, जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा।

तुलाः- आज दिनभर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिकः- भाग्य आज आपका साथ देने के लिए बेताब है। अध्यात्मिक सुख एवं सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे।

धनुः- दोपहर बाद से दूर की यात्रा न करें, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर आज भरोसा न करें वर्ना लेने के देने पड़ सकते हैं।

मकरः- जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश भी कर सकते हैं, लाभ होगा। बाहरी खान-पान का सहारा न लें। साझेदारी से लाभ होगा।

कुंभः- उन्नतिदायक दिन रहेगा। दोपहर बाद अचानक कोई शुभ समाचार या रूका हुआ धन प्राप्त होगा। बुद्धि-विवेक से सफलता मिलेगी।

मीनः- शाम से ग्रह-नक्षत्रों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। परिस्थितयां आपका साथ देंगी, मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा।

भारतीय महिला हाकी टीम ने आयरलैंड को 3-1 से हराया

डब्लिन (आयरलैंड) (आरएनएस)। भारतीय जूनियर महिला हाकी टीम ने लालरिंडिकी, इशिका चौधरी और मुमताज खान के गोल की मदद से आयरलैंड की एक टीम को यहां 3-1 से हराया। भारतीय टीम ने इस तरह से जीत से अपने इस दौरे का अंत किया। उसने मंगलवार को फाइनल में आयरलैंड को 1-0 से हराकर चार

देशों का अंडर-21 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता था। भारत को दूसरे क्वार्टर के शुरू में पेनल्टी कार्नर मिला जिसे लालरिंडिकी ने गोल में बदला। इसी चार्टर में मिले एक और पेनल्टी कार्नर पर इशिका ने गोल किया। इसके बाद तेज बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और एक क्वार्टर का ही समय बचा था। आयरलैंड ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया। उसे लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन भारतीय गोलकीपर खुशबू ने उन्हें नाकाम कर दिया। आखिर में तीसरे पेनल्टी कार्नर पर आयरलैंड ने गोल किया। मुमताज ने अपनी अच्छी फार्म जारी रखते हुए भारत की तरफ से तीसरा गोल किया।

कार और टू वीलर्स का थर्ड पार्टी बीमा 16 जून से होगा महंगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। कार और दोपहिया वाहनों का थर्ड पार्टी बीमा 16 जून से महंगा हो जाएगा। दरअसल, बीमा नियामक इरडा ने

वाहनों की कुछ कैटिगरी के लिए अनिवार्य थर्ड पार्टी बीमा प्रीमियम में 21 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। सामान्य तौर पर, थर्ड पार्टी बीमा प्रीमियम की दरों को एक अप्रैल से संशोधित किया जाता है। हालांकि, 2019-20 के लिए नई दरें 16 जून से लागू होंगी। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने आदेश में कहा कि 1,000 सीसी से कम क्षमता वाली छोटी कारों के थर्ड पार्टी बीमा प्रीमियम में 12 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अब प्रीमियम 1,850 रुपये (वर्तमान में) से बढ़कर 2,072 रुपये हो जाएगा। इसी प्रकार, 1,000-1,500 सीसी के वाहनों का बीमा प्रीमियम 12.5 प्रतिशत बढ़कर 3,221 रुपये हो गया है।

ब्रेड दाल की टिक्की बनाने की विधि...

सामग्री :

10 स्लाइस ब्रेड, 100 ग्राम मूंग दाल, 3 हरी मिर्च, आधा इंच अदरक का टुकड़ा, स्वादानुसार नमक, एक चौथाई चम्मच लाल मिर्च, आधा चम्मच सौंफ।

टिक्की के लिए

600 ग्राम आलू, एक चम्मच हरी धनिया, दो नींबू का रस, स्वादानुसार नमक, आधा चम्मच पिसी गोल मिर्च, एक चौथाई चम्मच लाल मिर्च, एक चौथाई चम्मच गरम मसाला, सेंकने के लिए घी।

विधि :

ब्रेड को कटोरी से गोल काट लें।

दाल धोकर दो घंटे भिगोकर पानी झारकर अदरक व हरी मिर्च मिलाकर पीस लें। फिर नमक, लाल मिर्च तथा सौंफ मिला लें।

आलू उबालकर कस लें। टिक्की का सारा सामान इसमें मिला लें।

इसके 10 हिस्से कर लें। प्रत्येक स्लाइस पर आलू के मसाले की एक परत लगाएं। इसके ऊपर दाल की पतली परत लगाएं (दाल गाढ़ी लगे तो थोड़ा पानी मिला लें)।

तवे पर मंद आंच पर टिक्की को घी लगा लगाकर उलट-पलट कर टिकिया जैसी सेकें।

इसे हरी चटनी के साथ गरम-गरम परोसें।

शब्द सामर्थ्य- 88

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 87 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

सू-दोकू- 88

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 87 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4